त्रैमासिक परीक्षा– 2024–25

विषय– हिन्दी | पूर्णांक – 80

कक्षा– 11 वीं | समय – 3:00 घण्टा

निर्देश:–

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 01 से लेकर प्रश्न क्रमांक 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके लिए प्रत्येक पर 01 अंक निर्धारित है।
3. प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल चार प्रश्न है, प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल चार प्रश्न है, प्रत्येक चार अंक निर्धारित है।

प्र. 1 – सही विकल्प चुनिए– [1x6= 6 अंक]

(i) संचार शब्द की उत्पत्ति किस धातु से हुई है?
(अ) सन् (ब) चर (स) सार (द) सच

(ii) भारतीय गायिकाओं में बेजोड़– लमा मंगेशकर की लोकप्रियता का मर्म था–
(अ) गानपन (ब) सुशीलापन (स) अवधि भाषा (द) निर्मलता

(iii) कबीर की भाषा को कहा जाता है–
(अ) ब्रज भाषा (ब) परिष्कृत भाषा (स) अवधि भाषा (द) साधुक्कड़ी भाषा

(iv) निम्न में से कौन छायावादी कवि हैं–
(अ) सुमित्रानंदन पंत (ब) त्रिलोचना (स) प्रेमचंद (द) मीरा

(v) अमृतराय किस प्रसिद्ध कहानीकार के पुत्र थे–
(अ) प्रेमचंद (ब) महादेवी वर्मा (स) शेखर जोशी (द) सत्यजीत रे

(vi) जनसंचार के माध्यम हैं–
(अ) टेलीवीजन (ब) इंटरनेट (स) समाचार पत्र (द) उपरोक्त सभी

प्र. 2 – रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– [1x6= 6 अंक]

(i) चित्र पट संगीत का पर्याय .............. कहा जाता है। (लता मंगेशकर/सुरैया)

(ii) हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार पत्र .............. है। (उदंत मार्तण्ड/बंगाल केसरी)

(iii) वर्णों की गिनती पर आधारित छंद को .............. कहते हैं। (मात्रिक छंद/वार्णिक छंद)

(iv) आप तो शेर हो, वाक्य में .............. शब्द शक्ति है। (लक्षणा/व्यंजना)

(v) घनघोर वर्षा के समय कवि की आँखों में स्मृतियाँ .............. की उमर रही है। (देश/घर)

(vi) कबीर ने ईश्वर की .............. सत्ता मानी है। (एक/अनेक)

(vii) पड़ोसियों के हृदय में शूल उठने लगे .............. कहानी का अंश है। (नमक का दरोगा/कर्बला)

प्र 3 – सत्य/असत्य लिखिये– [1x6= 6 अंक]

i. आदिकाल सन् 993 से 1318 तक माना जाता है।

ii. छायावाद की एक प्रवृत्ति मुक्तक गीति शैली भी है।

iii. मीरा ने मोर--मुकुट वाले को अपना पति स्वीकार किया था।

iv. गद्य की एक विद्या भेंट वार्ता भी है।

v. कुँई की खुदाई करने वाले को चेजारो कहते हैं।

vi. संचार का एक तत्व एनकोडिंग है।

प्र. 4— सही जोड़ी बनाइए. [1x6= 06 अंक]

| क्र. | स्तंभ— A | | स्तंभ— B |
|---|---|---|---|
| (i) | हिन्दी कविता का जागरण काल | a. | भारतेंदु युग |
| (ii) | पर्दा प्रथा की अवहेलना | b. | मीरा |
| (iii) | शलाका सम्मान | c. | कृष्णा सोबती |
| (iv) | दाज्यू | d. | बाल--फिलम |
| (v) | अंतरंग | e. | डायरी |
| (vi) | लहरतारा | f. | कबीर |

प्र. 5 — एक वाक्य / शब्द में उत्तर लिखिए। [1x5= 5 अंक]

(i) मीरा बाई किसकी आराधना करती थी।

(ii) 'ईद का चाँद होना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(iii) किन्ही दो महाकाव्यों के नाम लिखिए।

(iv) मुझे केवल मात्र पाँच रूपया चाहिए, वाक्य शुद्ध करके लिखिए।

(v) भक्ति काल को कितने भागों में बाँटा गया है, नाम लिखिए।

(vi) कबीर ने कुम्हार को किसका प्रतीक माना है।

(vii) छायावाद के कवियों के नाम लिखिए।

प्र.— 6 भक्ति काल को स्वर्ण युग क्यों कहा जाता है? (अंक— 2)

अथवा / OR

मीरा ने कृष्ण की भक्ति किस रूप में की है?

प्र.— 7 जनसंचार के प्रमुख दो माध्यमों के नाम लिखिए। (अंक— 2)

अथवा / OR

प्रयोगवाद के दो कवियों के नाम लिखिए।

प्र.— 8 मानव शरीर का निर्माण किन पाँच तत्वों से मिलकर बना है? नाम लिखिए। (अंक— 2)

अथवा / OR

मात्रिक छंद की परिभाषा लिखिए।

प्र.— 9 प्रगतिवाद की दो विशेषताएँ लिखिए। (अंक— 2)

अथवा / OR

गद्य की चार विधाओं के नाम लिखिए।

प्र.– 10 निर्गुण काव्य धारा के प्रकार बताते हुए दो कवियों के नाम लिखिए। (अंक– 2)

अथवा / OR

ज्ञान मार्गी शाखा की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.– 11 नाटक के तत्व लिखिए। (अंक– 3)

अथवा / OR

उपन्यास के तत्व लिखिए।

प्र.– 12 कुंई की खुदाई–चिनाई समय चेजारों अपने सिर पर टोपी क्यों पहनते हैं? (अंक– 2)

अथवा / OR

न्याय और नीति सब लक्ष्मी के खिलौने हैं, जब जैसे चाहे नाचती है, भाव लिखिए।

प्र.– 13 रिपोर्ताज से आप क्या समझते हैं। (अंक– 3)

अथवा / OR

पं. अलोपदीन के नमक की गाड़ियाँ कहां, क्यों, किसने रोंकी थी?

प्र.– 14 पिता कवि को 'सोने पर सुहागा' कहकर क्यों बुलाते हैं? (अंक– 3)

https://www.mpboardonline.com अथवा / OR

मीरा ने 'सहज मिले अविनासी' क्यों कहा है?

प्र.– 15 'पथेर पंचाली' फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला? (अंक– 3)

अथवा / OR

मियाँ नसीरूद्दीन ने अतीत व वर्तमान में क्या अंतर पाया है?

प्र.– 16 कबीर अथवा मीरा का साहित्यिक जीवन परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए। 1. रचनाएँ 2. भाव पक्ष 3. कला पक्ष 4. साहित्य में स्थान (अंक– 3)

प्र.– 17 प्रेमचंद अथवा शेखर जोशी का साहित्यिक जीवन परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए– 1. रचनाएँ 2. ~~भाव पक्ष~~ 3. ~~कला पक्ष~~ भाषा शैली 4. साहित्य में स्थान (अंक– 3)

प्र.– 18 आनंद फल की प्राप्ति के लिए मीरा ने क्या किया? (अंक– 3)

अथवा / OR

तालीम की तालीम भी बड़ी चीज होती है, भाव विस्तार कर लिखिए।

प्र.– 19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक– 3)

अथवा / OR

'जो साहित्य मुर्दे को भी जिंदा करने वाली संजीवनी औषधि का भण्डार है, जो साहित्य पत्तियों को उठाने वाला और उत्पीड़ियों के मस्तक को उन्नत करने वाला है, उसके उत्पादन और संवर्धन की चेष्ठा जो गति नही करती, वह अज्ञान अंधकार की गर्त में पड़ी रहकर किसी दिन अपन अस्तित्व ही खो बैठती है, अतः समर्थ होकर भी मनुष्य इतने महत्वशाली साहित्य की सेवा और श्री वृद्धि नही करता अथवा अनुराग नही रखता वह सामाज द्रोही है, देश द्रोही, तथा जाति द्रोही है।'

प्र०1 –

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
2. संजीवनी औषधि का भण्डार क्या है?
3. साहित्य के संवर्धन की चेष्ठा कब अपना अस्तित्व खो बैठती है?
4. समाज द्रोही–देश द्रोही कौन है?

प्र.– 20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– (अंक– 4)

"जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै, अगिनि न काटै कोई,
सव घटि अंतरि तूँ ही व्यापक घरै सरूपै सोई . .
माथा देखि के जगत लुमाना काहे रे नर गरबाना
निरमै मया कछु नहिं ब्यापै कहैं कबीर दियाना . ."

अथवा / OR

"दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से विलोयी
दधि मयि घृत काढ़ि लियो, डारि दयी होयी
भगत देख राजी हुयी, जगत देखि रोयी
दासि मीरा लाल गिरधर! तारो अब मोही"

प्र.– 21 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए– (अंक– 4)

"वंशीधर की आँखे डबडबा आई, हृदय के संकुचित पात्र में इतना एहसान न समा सका, एक बार फिर पंडित जी की ओर भक्ति और श्रृद्धा की दृष्टि से देखा और काँपने हुए हाथ से मैनेजरी के कागज पर हस्ताक्षर कर दिए, अलोपदीन ने प्रफुल्लित होकर उन्हें गले लगा लिया।"

अथवा / OR

"एकाएक मियाँ की आँखों के आगे कुछ कौंध गया, एक लम्बी साँस भरी और किसी गुमशुदा याद को ताजा करने को कहा–'उतर गए वे जमाने और गए वे कद्रदान जो पकाने–खाने की कर करना जानते थे! मियाँ अब क्या रखा है. .. निकाली तंदूर से– निगली और हजम!' "

**प्र.– 22 जबलपुर नगर निगम के आयुक्त को नियमित जल आपूर्ति करवाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए–** **(अंक– 4)**

अथवा / OR

वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।

प्र.– 23 निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए– (अंक– 4)

1. स्वच्छ भारत अभियान
2. राष्ट्र निर्माण में छात्रों का योगदान
3. भारत में कृषि का महत्व
4. जीवन में खेलों का महत्व

अथवा / OR

वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए।